# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर– 302018
## Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur – 302018
Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2722520


क्रमांकः प.8(94)RSSB/प.आ./सूचना सहायक सी.भ.प./2023/ दिनांकः

**–::विज्ञप्ति::–**

**सूचना सहायक (Informatics Assistant) सीधी भर्ती परीक्षा–2023**

**द्वितीय भागः– टंकण गति परीक्षण (Typing Speed Test)**

बोर्ड द्वारा सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा 2023, विज्ञापन संख्या 01/2023 क्रमांक 1307 दिनांक 16.01.2023 द्वारा विज्ञप्ति जारी की गई थी। यह परीक्षा दिनांक 21.01.2024 को आयोजित की गई थी। इस सीधी भर्ती परीक्षा के **भाग द्वितीय–कम्प्यूटर आधारित अर्हता टंकण गति परीक्षण का आयोजन दिनांक 27, 28, 29 अगस्त 2024** को किया जावेगा।

**अभ्यर्थियों के लिये निर्देश–**

1. कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा उक्तानुसार कार्यक्रम के अंतर्गत टंकण गति परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जावेगा।
2. अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रो पर बोर्ड द्वारा कम्प्यूटर उपलब्ध कराया जायेगा।
3. किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा हेतु स्वयं का की–बोर्ड साथ लाना वर्जित है।
4. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र, मूल फोटो युक्त पहचान पत्र यथा आधार कार्ड से पहचान सुनिश्चित की जावेगी। विशेष परिस्थिति में ही पेनकार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, मतदाता पहचान–पत्र मे से कोई एक से मिलान किया जावेगा। पहचान प्रमाण पत्र की छाया प्रति मान्य नहीं है। पासपोर्ट साईज का नवीनतम रंगीन फोटो एवं पारदर्शी नीली स्याही बॉल पेन साथ लेकर आयें। इनके अलावा अन्य कोई सामग्री परीक्षा केन्द्र पर साथ लेकर नहीं आयें।
5. अभ्यर्थी अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकेंगें जिसके संबंध में विस्तृत सूचना यथाशीघ्र अलग से दी जायेगी।
6. इस परीक्षा के संबंध में अभ्यर्थियों के लिये सूचनार्थ विस्तृत दिशा निर्देश दिए गये हैं, जो संलग्न है। मॉक टेस्ट ट्रायल बोर्ड की वेबसाईट पर यथा समय पृथक से उपलब्ध करवाये जायेंगे। अभ्यर्थी इनका अध्ययन अवश्य कर लें।

परीक्षा केन्द्रों पर नकल की रोकथाम के लिए बहुत ही प्रभावी उपाय किये गये हैं। परीक्षा में नकल कराने के नाम पर ठगी कराने वाले गिरोह के किसी झांसे/बहकावे में नहीं आवें तथा परीक्षा के संबंध में विभिन्न Social Media पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विचार न करें।

**चेतावनी– ''परीक्षा संचालन में किसी प्रकार से अनुचित साधनो का उपयोग एवं अनियमित गतिविधियों (अधिनियम की धारा 2(च) के अन्तर्गत यथा परिभाषित) मे संलिप्तता पायी जाती है तो उनके विरूद्व, राज0 सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती के अनुचित साधनो की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम 2022 एवं (संशोधन) अधिनियम, 2023 (संख्याक 17) के अनुसार 10 लाख से लेकर अधिकतम 10 करोड रूपये तक दंड तथा 10 वर्ष से लेकर अधिकतम आजीवन करावास तक की सजा के प्रावधान है''**, जिसके अंतर्गत कठोर दंडात्मक कानूनी कार्यवाही की जा सकती है साथ ही ऐसे अभ्यर्थी को आगे परीक्षा देने से विवर्जित (Debar) भी किया जावेगा।

**नवीनतम एवं अद्यतन जानकारी के लिये अभ्यर्थी बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in.पद का अवलोकन करते रहें।**

संलग्नः– टंकण गति परीक्षा के संबंध में दिशा निर्देश।

RajKaj Ref
9181079

Signature valid
(डॉ. बी. सी. [illegible])
Digitally signed by Bhag Chand Badhal
सचिव
Designation : Secretary
Date: 2024.07.24 18:08:18 IST
Reason: Approved

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018
www. rsmsssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

## सूचना सहायक भर्ती परीक्षा–2023
## भाग-II टंकण गति परीक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश

अ-सामान्य दिशा-निर्देश


1- अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने के समय से एक घंटे तीस मिनिट पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होंगे |
2- टंकण गति परीक्षा के सम्बन्ध में प्रायोगिक टेस्ट (Mock Test) हेतु निर्देश यथासमय बोर्ड की वेबसाइट पर जारी कर दिए जायेंगे |
3- परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर आपका प्रवेश पत्र जांचा जायेगा | आपकी गहन जाँच की जाएगी तथा जाँच के दौरान अवांछनीय वस्तु पाए जाने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नही दिया जायेगा |
4- प्रवेश पत्र जाँच के पश्चात् आपको परीक्षा हॉल में भेजा जायेगा, परीक्षा हॉल में आपकी Biometric एवं तस्वीर कैप्चर होगी |
5- Biometric एवं तस्वीर कैप्चर होने के पश्चात किसी भी कारणवश, किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी |
6- परीक्षा हॉल में परीक्षक आपकी उपस्थिति आपके हस्ताक्षर कराके अंकित करेंगे |
7- अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अपनी जगह पर बैठने पर, परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व, कृपया सुनिश्चित कर लेवें कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा है तथा की-बोर्ड एवं माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहे हैं | परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर (Invigilator) को सूचित नहीं करने की दशा में संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी |
8- स्क्रीन पर दिए गये "Peripheral Check" बटन क्लिक करके अभ्यर्थी अपना की-बोर्ड एंव माउस चेक कर सकते हैं |
9- परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी स्क्रीन पर दिये गये निर्देशों का ध्यान पूर्वक अध्ययन करे तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें |
10- टंकण गति परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये गये सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जायेगा |
11- यदि किसी कारण से सॉफ्टवेयर में समस्या आ रही है, तो अभिजागर (Invigilator) को तुरंत सूचित करें|
12- कम्प्यूटर पर टंकण गति परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे |
13- सूचना सहायक टंकण गति परीक्षा के अन्तर्गत दो भाग होंगे, जिनका वर्गीकरण निम्नानुसार है -

| भाग सं. | विषय | समय | अर्हता हेतु न्यूनतम औसत टंकण गति |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी गति परीक्षण | 15 मिनट | 20 सही शब्द प्रति मिनट |
| 2 | अंग्रेजी गति परीक्षण | 15 मिनट | 20 सही शब्द प्रति मिनट |

14- अर्हता हेतु दोनों भाषाओ में अलग-अलग निर्धारित न्यूनतम टंकण गति को प्राप्त करना अनिवार्य है |
15- टंकण गति परीक्षण दो भागों में ली जायेगी एवं प्रत्येक भाग हेतु 15-15 मिनिट का समय दिया जायेगा | प्रथम भाग में हिन्दी भाषा की टंकण गति परीक्षा तथा द्वितीय भाग में अंग्रेजी भाषा की टंकण गति परीक्षा ली जायेगी| दोनों परीक्षाओं में 5 मिनट का अन्तराल रहेगा |


ब-टंकण गति परीक्षा-निर्देश

## हिंदी की-बोर्ड




नोट- यह की-बोर्ड केवल द्रष्टांत रूप है, इसे DevLys010 फोंट के अनुसार चैक कर लेंवे । की-बोर्ड (Keyboard) की कुछ "की" (Key) DevLys010 फोंट के अनुसार द्रष्टांत से भिन्न हो सकती है ।

A. टंकण गति परीक्षा हेतु कम्प्यूटर स्क्रीन के उपर वाले हिस्से में पैराग्राफ दिखाई देगा जिसे नीचे वाले हिस्से में की-बोर्ड का उपयोग कर टंकित करना है ।



B. यदि अभ्यर्थी ने किसी शब्द को गलत टंकित कर दिया है और वह उसमें सुधार करना चाहता है तो Back-Space का उपयोग कर उसे तब तक सुधार सकता है, जब तक उसने अगला शब्द टाइप करने के लिए Space-Bar का उपयोग नहीं किया है। एक बार Space-Bar का उपयोग कर लिये जाने पर Back-Space काम नहीं करेगा और उस पैराग्राफ में अन्य अगले शब्द को टंकित करना शुरू कर देना चाहिए ।

C. माउस (Mouse) को अभ्यर्थी सिर्फ उपर वाले हिस्से में दिखाये गये पैराग्राफ को स्क्रॉल करने के उद्देश्य से ही उपयोग कर सकेंगे ।

D. अभ्यर्थी की गति एवं दक्षता टंकण गति परीक्षा के दौरान सॉफ़्टवेयर निरीक्षण में अंकित (Recorded) होती रहेगी इसलिए अभ्यर्थी पैराग्राफ में दर्शाये गए शब्दों को उसी क्रम और रूप में टंकित करेंगे । ऐसा नहीं करने पर सॉफ़्टवेयर गलती (Errors) अंकित (Record) करेगा।

E. स्क्रीन पर ऊपर की तरफ घड़ी दिखती रहेगी । जो यह दर्शायेगी कि परीक्षा पूर्ण होने में कितना समय शेष है ।

F. समय पूर्ण होने पर वह अपने आप "Submit" हो जायेगा ।

G. हिंदी या अंग्रेजी स्पीड टेस्ट का समय समाप्त होने के बाद, "Confirmation Screen" दिखाई जाएगी।

H. "Confirmation Screen" सिर्फ पुष्टीकरण के हेतु है । "Confirmation Screen" में अभ्यर्थी द्वारा टंकित किये गए पैराग्राफ को दिखाया जाएगा, जिसमें अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का सुधार नहीं कर सकेंगे ।

I. "Confirmation Screen" में पुष्टिकरण के हेतु, 1 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा ।

J. "Confirmation Screen" में दिए गए पैराग्राफ की पुष्टि करने के लिए "Confirmation" बटन को क्लिक करके अभ्यर्थी को अपना पासवर्ड डालना रहेगा ।

K. "Confirmation Screen" में दिए गए पैराग्राफ में कुछ भी समस्या है, तो अभिजागर (Invigilator) को तुरंत सूचित करें ।

L. अभ्यर्थी द्वारा टंकण गति परीक्षण अवधि परीक्षा पूर्ण कर लेने पर "Exam Completed" लिखा दिखायी देगा ।

M. अभ्यर्थी को हिन्दी टंकण परीक्षा पूर्ण करने पर 5 मिनट का अन्तराल दिया जायेगा । इस अवधि में स्क्रीन पर घड़ी घटता हुआ समय दिखायेगी, उसके पश्चात् अंग्रेजी टंकण परीक्षा प्रारंभ होगी ।

**<u>क - मूल्यांकन हेतु दिशा-निर्देश</u>**

1. अभ्यर्थी द्वारा टंकित किये गये शब्द/गति सॉफ़्टवेयर द्वारा जांची जायेगी ।
2. अभ्यर्थी को दर्शाये गए अनुसार ही यथा क्रम में ही कंप्यूटर स्क्रीन के नीचे वाले आधे हिस्से में टंकित करना है । यदि कोई शब्द शुद्ध-अशुद्ध रूप में दो बार या दो से अधिक बार टंकित कर दिया गया है तो वह त्रुटि मानी जायेगी । अतः आप शब्द को देखकर उसे ही टंकित करें । शब्द के यथा क्रम अनुसार टंकित न करने पर आप द्वारा टंकित शुद्ध शब्द भी त्रुटि में माना जायेगा।
3. Typing Module में दर्शाये गए शब्दों में परिवर्तन अथवा स्थान परिवर्तन गलती (Error) मानी जायेगी।
4. अभ्यर्थी को शब्द को ध्यानपूर्वक देखकर समान शब्द टंकित करना है । यदि अभ्यर्थी उसे उसी रूप में टंकित नहीं करता है तो सॉफ़्टवेयर उसे गलती (Error) मानेगा ।
5. टंकण गति परीक्षा के मूल्यांकन में कोई अंक नही दिए जावेंगे, केवल सही शब्दों की गणना की जावेगी । सही शब्दों की गणना कर न्यूनतम अर्हता हेतु निर्धारित औसत टंकण गति के अनुसार अभ्यर्थी को उत्तीर्ण अथवा अनुतीर्ण घोषित किया जावेगा ।
6. "सही शब्द" का अभिप्राय ऐसे शब्द से है जो शब्द दिये गये शब्द के अनुरूप टंकित किया गया है तथा मूल्यांकन हेतु दिये गये मानकों के अनुरूप है । "शब्द" का अभिप्राय एक या एक से अधिक अक्षरों, मात्राओं एवं विराम चिन्हों के ऐसे समूह से है जिसके पहले तथा बाद में खाली जगह (White Space) हो।

7. हिंदी टंकण परीक्षा के दौरान मात्राओं के एक से अधिक बार दबने से शब्द त्रुटिपूर्ण माना जायेगा । यद्यपि मात्राओं के एक से अधिक बार दबने से शब्द सही रूप से दिखाई दे सकता है किन्तु टंकण में मूल्यांकन हेतु शब्द को त्रुटिपूर्ण माना जायेगा ।
8. हिंदी वर्णमाला के निम्न अक्षरों को छोड़कर अन्य समस्त अक्षर यदि आधा अक्षर एवं खड़ी पाई (जैसे । एवं T) के संयोजन से टंकित किये जाते है तो ऐसे अक्षरों व् सम्बंधित शब्दों को त्रुटिपूर्ण माना जायेगा –


ख श ष थ भ ध घ क्ष ण

इस प्रकार की बोर्ड पर एक KeyStroke से बनने वाले पूर्ण अक्षर (जैसे म) को ही सही माना जायेगा ।

9. अंग्रेजी टंकण गति परीक्षण Case-Sensitive होगा अर्थात कैपिटल लेटर के स्थान पर स्माल लेटर अथवा स्माल लेटर के स्थान कैपिटल लेटर के प्रयोग को व् सम्बंधित शब्द को त्रुटिपूर्ण माना जायेगा ।

**<u>स- सॉफ़्टवेयर के उपयोग हेतु दिशा-निर्देश</u>**

1. टंकण गति परीक्षा में सर्वप्रथम आपको उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर पर दृश्य निम्न प्रकार होगा-




2. सॉफ़्टवेयर में Login हेतु यूजर आईडी व पासवर्ड का उपयोग करना हैं । यूजर आईडी व पासवर्ड आपको परीक्षा हॉल में अभिजागर (Invigilator) द्वारा दिया जायेगा । यूजर आईडी व पासवर्ड डालने के बाद Login दबाने पर आपको "Practice Test" दिया जायेगा ।
3. टंकण गति परीक्षण सॉफ़्टवेयर स्वतः ही टंकित किये गये शब्दों को Save करता है ।
4. अंग्रेजी टाइप के लिए "Courier New" फोंट का प्रयोग किया जायेगा तथा हिंदी टंकण के लिए रेमिंग्टन की-बोर्ड एवं "DevLys010" फोंट का प्रयोग किया जायेगा ।
5. टंकण गति परीक्षण में अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओं में प्रश्न पत्र में टंकण हेतु पैराग्राफ स्क्रीन पर ही दिखाएं जायेंगे ।
6. टंकण गति परीक्षण शुरू होने के बाद निर्धारित समय पूर्ण होने पर सॉफ़्टवेयर स्वतः रुक जायेगा ।

7. दोनो गति परीक्षण पूर्ण होने के बाद "File Upload/ Declaration Screen" प्रदर्शित होगी, जिसमें "I Agree and OK" बटन पर क्लिक करने से परीक्षा पूरी हो जाएगी।
8. टंकण गति परीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर आप वीक्षक (Invigilator) को तुरंत सूचित करें ।